UTTAR PRADESH POLICE

"सुरक्षा आपकी संकल्प हमारा"

प्रेस नोट–12.04.2021

एस0टी0एस0 व थाना शिकोहाबाद पुलिस की संयुक्त कार्यवाही।

लगभग दो करोड़ (2,0000000) रू0 से ज्यादा कीमत की हेरोइन बरामद, मादक पदार्थो की तस्करी से सम्बन्धित गिरोह के 04 सदस्य गिरफ्तार।

- **गैंग का सरगना अशोक यादव विगत 02 वर्ष से मादक पदार्थो की तस्करी में ही मुम्बई जेल में है बन्द।**
- **सरगना के जेल जाने के उपरान्त सन्दीप द्वारा ही माल की डिलेवरी की सभांली कमान।**
- **महाराष्ट्र के साथ–साथ कई राज्यों में फैली हुई है इस गैंग की जड़।**
- **त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दृष्टिगत मादक पदार्थो की बड़ी हुई है डिमाण्ड।**

वर्तमान में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दृष्टिगत व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद के युवाओं को नशा–खोरी से बर्बाद होने से बचाये जाने की मुहिम के अन्तर्गत मादक पदार्थो की तस्करी करने वाले अपराधियों के खिलाफ एक और बड़ी कार्यवाही:–

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, फिरोजाबाद द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दृष्टिगत जनपद में मादक पदार्थो की तस्करी को रोके जाने हेतु अपर पुलिस अधीक्षक, ग्रामीण के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी शिकोहाबाद के पर्यवेक्षण में एसटीएस व थाना शिकोहाबाद पुलिस को लगाया गया।

उक्त के क्रम में दिनांक 11.04.2021 को **एसटीएस प्रभारी हरवेन्द्र मिश्रा** को जरिये मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि नौशहरा पुल से पहले सर्विस रोड पर कुछ लोग वैगनआॅर गाड़ी में हेरोईन बेचने के उद्देश्य से खड़े हुये हैं यदि जल्दी की जाये तो पकड़े जा सकते हैं उक्त सूचना पर एसटीएस प्रभारी द्वारा उच्चाधिकारियों को अवगत कराकर तत्काल कार्यवाही करते हुये मय टीम व प्रभारी निरी0 शिकोहाबाद को साथ लेकर मुखबिर द्वारा बताये गये स्थान पर पंहुचे तो देखा कि ओम डिग्री कॉलेज के सामने एक वैगनआॅर गाड़ी खड़ी हुई थी। पुलिस टीम द्वारा गाड़ी को घेरकर गाड़ी में बैठे लोगों को पुलिस हिरासत लिया गया और क्षेत्राधिकारी शिकोहाबाद को मौके पर बुलाकर हिरासत में लिये गये लोगों व गाड़ी की तलाशी ली गई तो गाड़ी से हाई क्वालिटी का हेरोईन व गांजा बरामद हुआ। उपरोक्त बरामदगी के सम्बन्ध में जब पूछताछ की गई तो बताया कि हम लोग मादक पदार्थो की डिलेवरी देने के लिये आये हुये थे और डिलेवरी देने से पहले ही आपके द्वारा पकड़ लिया गया। हेरोइन व गांजे की बरामदगी के सम्बन्ध में थाना शिकोहाबाद पर अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्तगणों के सम्पूर्ण नेटवर्क की जानकारी कर वैधानिक तरीके से नेस्त–नाबूत किये जाने हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश दिये गये हैं।

गिरफ्तार अभियुक्त:–

1. सुमित पुत्र चूरामड़ि, नि0–ग्राम कनिकपुर, थाना–बरनाहल, मैनपुरी।
2. गोविन्द पुत्र अमर सिंह, नि0–नगला खंदारी, थाना–सिरसागंज, फिरोजाबाद।
3. सन्दीप कुमार पुत्र सोपाली राम, नि0–नगला गुलाल, थाना–नगला खंगर, फिरोजाबाद।
4. लव कुमार पुत्र बृजेश कुमार, नि0–नगला गुलाल, थाना–नगला खंगर, फिरोजाबाद।

बरामदगीः—

1. हेरोइन —464 ग्राम (अन्तर्राष्ट्रीय बाजार कीमत लगभग—दो करोड़ रू0)
2. गाजां —05 कि0ग्राम (कीमत लगभग—50 हजार रू0)
3. डिलेवरी हेतु प्रयुक्त वैगनॉर गाड़ी न0—यू0पी0 82 ए0सी0 8230

पंजीकृत अभियोगः—

1. मु0अ0स0 239/2021, धारा—08/20/22 एनडीपीएस एक्ट, थाना—शिकोहाबाद, फिरोजाबाद।

अभियक्त सन्दीप का आपराधिक इतिहासः—

क्र0स0	मु0अ0स0	धारा	थाना	जनपद
1.	249/2014	307/504/506 भा0द0वि0	नगला खंगर	फिरोजाबाद

उपरोक्त के अतिरिक्त इसके द्वारा किये गये अन्य अपराधों से सम्बन्धित आपराधिक इतिहास की जानकारी प्राप्त की जा रही है।

गिरफ्तार करने वाली टीमः—

1. प्रभारी निरी0 प्रमोद कुमार मलिक, थाना—शिकोहाबाद, फिरोजाबाद।
2. प्रभारी एस0टी0एस0 हरवेन्द्र मिश्रा, जनपद—फिरोजाबाद।
3. व0उ0नि0 अन्जीश कुमार, थाना—शिकोहाबाद, फिरोजाबाद।
4. प्रभारी सर्विलान्स विक्रान्त तौमर, जनपद—फिरोजाबाद।
5. उ0नि0 गौरव शर्मा, थाना—शिकोहाबाद, फिरोजाबाद।
6. उ0नि0 अकिंत मलिक, थाना—शिकोहाबाद, फिरोजाबाद।
7. उ0नि0 विनय कुमार, थाना—शिकोहाबाद, फिरोजाबाद।
8. **एसटीएस टीमः—** 1. मु0आ0 दिनेश गौतम, 2. आरक्षी लव प्रकाश, 3. आरक्षी प्रेम कुमार, 4. आरक्षी प्रवीन।
9. **सर्विलान्स टीमः— 1.** है0का0 673 आशीष शुक्ला, **2.** आरक्षी 1361 अमित उपाध्याय, **3.** आरक्षी 1337 मुकेश कुमार **4.** आरक्षी 821 अनिल कुमार।
10. **थाना—शिकोहाबादः—**1. मु0आ0 700 सुबोध सिंह, 2. आरक्षी 447 नरेन्द्र कुमार, 3. आरक्षी 681 हरवेन्द्र सिंह।

नोटः—श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, महोदय द्वारा भारी मात्रा में मादक पदार्थो की बरामदगी करने वाली टीम के उत्साहवर्धन हेतु **20000** रूपये की नगद धनराशि से पुरूस्कृत किया गया है।